भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-357

उत्तर दिनांक - 27/11/2024 को दिया गया

कुडनकुलम नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र हेतु निकासी योजनाएं

357. श्री रॉबर्ट ब्रूस सी.

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र (केकेएनपीपी) परियोजना के लिए निकासी योजनाएं तैयार की गई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या कुडनकुलम नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र के आस-पास रहने वाले लोगों को दुर्भाग्यपूर्ण परमाणु दुर्घटना/घटना की स्थिति में निकासी योजना और अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के बारे में समुचित रूप से जागरूक किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या कुडनकुलम नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र और कुडनकुलम नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र के आस-पास के चिकित्सा केंद्रों में आयोडीन की गोलियों का पर्याप्त भंडार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) कुडनकुलम स्थल सहित सभी नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र स्थलों पर नियामक प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित एक संपूर्ण आपातकालीन तैयारी योजना मौजूद है। योजना आपातकाल की असंभाव्य घटना में की जाने वाली कार्रवाइयों और उन्हें कार्यान्वित करने के लिए विभिन्न अधिकारियों की जिम्मेदारियों को विनिर्दिष्ट करती है।

(ख) हां। आवधिक आपातकालीन अभ्यास किए जाते हैं जिसमें सभी हितधारक शामिल होते हैं। अभ्यास की प्रतिपुष्टि का उपयोग आपातकालीन तैयारी योजना को मान्य करने और सुधारने के लिए किया जाता है।

(ग) हां। संबंधित आपातकालीन तैयारी योजना के अनुरूप स्टॉक बनाए रखा जाता है।

*****